**गोपालगंज जिलान्तर्गत राजकीय पॉलिटेकनिक संस्थान, सिपाया, प्रखंड-कुचाईकोट, जिला-गोपालगंज के मौजा-सिपाया, थाना नं0-741, खाता नं0-03, खेसरा नं0-1325 में 200 आसन के राजकीय अम्बेदकर कल्याण छात्रावास का निर्माण, फर्नीचर की आपूर्ति-सह-अधिष्ठापन एवं 05 साल के रख-रखाब कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार हेतु निगम निविदा समिति की दिनांक 21.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

| | |
|---|---|
| 1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. **श्री रविशंकर चौधरी**, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. **श्री तपेश्वर प्र0 साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 6. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-गोपालगंज जिलान्तर्गत राजकीय पॉलिटेकनिक संस्थान, सिपाया, प्रखंड-कुचाईकोट, जिला-गोपालगंज के मौजा-सिपाया, थाना नं0-741, खाता नं0-03, खेसरा नं0-1325 में 200 आसन के राजकीय अम्बेदकर कल्याण छात्रावास का निर्माण, फर्नीचर की आपूर्ति-सह-अधिष्ठापन एवं 05 साल के रख-रखाब कार्य।**

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि:-** | ₹6,26,59,000.00 |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि:-** | ₹7,34,88,000.00 |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹6,86,80,332.00 |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:- (तकनीकी बीड)** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र | |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, दिनांक 27.10.2018. |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (NI. NI) 2018-19 |

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) मे0 साहेब सिंह कंस्ट्रक्शन, गोपालगंज।

(ii) मे0 वर्णवाल कॉन्ट्रैक्ट प्रा0 लि0, गोपालगंज।

(iii) मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना।

**11. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:- (दिनांक: 12.01.2019)**

**प्रथमवार आमंत्रित ई0-निविदा:-**

प्रथम निविदादाता मे0 साहेब सिंह कंस्ट्रक्शन, गोपालगंज हैं। इनका निबंधन संख्या-RWD-2170500 (CL-1), जिसकी वैद्यता दिनांक: 09.12.2018 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-3061/2002, जिसकी वैद्यता दिनांक: 31.12.16 तक है। इनके द्वारा विद्युत निबंधन से संबंधित जो प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है उसकी वैद्यता समाप्त हो गयी है। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में नन्-रेस्पाँसिव पाया गया। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता मे0 वर्णवाल कॉन्ट्रैक्ट प्रा0 लि0, गोपालगंज है। इनका निबंधन संख्या- BCD-131 (B)55 (B)/2016, जिसकी वैद्यता दिनांक: 29.06.2021 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-4539/13.12.11, जिसकी वैद्यता दिनांक: 31.12.2019 तक है। इनकी निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। इनके द्वारा

फर्नीचर की आपूर्ति कार्य से संबंधित वांछित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में नन्-रेस्पाँसिव पाया गया। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

तृतीय निविदादाता मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना है। इनका निबंधन संख्या- WRE-33/2009, जिसकी वैद्यता दिनांकः 02.08.2019 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-10060/02.07.2013, जिसकी वैद्यता दिनांकः 01. 07.2019 तक है। इनकी निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। उनके द्वारा एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा किया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में रेस्पाँसिव पाया गया। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

चूँकि निविदा प्रथमवार आमंत्रित की गई है और उक्त ई0-निविदा में एकमात्र निविदादाता मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना के सफल होने के कारण यह एकल निविदा का मामला है। अतएव, वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806, दिनांकः 30.09.2016 के आलोक में उक्त ई0-निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा करने की अनुशंसा की गई है।

12. <u>निगम निविदा समिति का निर्णयः-</u>

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 12.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के तीन निविदादाताओं (i) मे0 साहेब सिंह कंस्ट्रक्शन, गोपालगंज, (ii) मे0 वर्णवाल कॉन्ट्रैक्ट प्रा0 लि0, गोपालगंज एवं (iii) मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना में से एक निविदादता मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। चूँकि निविदा प्रथमवार आमंत्रित की गई है और उक्त ई0-निविदा में एकमात्र निविदादाता मे0 देवेन्द्र एण्ड देवेन्द्र सेल्टर प्रा0 लि0, पटना के सफल होने के कारण यह एकल निविदा का मामला है। अतएव, वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806, दिनांकः 30.09.2016 के आलोक में पुनर्निविदा करने के पूर्व इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 28.01.2019 के अपराह्न 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की परिवाद प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे परिवाद प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य महाप्रबंधक पुनर्निविदा की कार्रवाई करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

21.1.19
(रंजित प्र0 सिह)
महाप्रबंधक (उत्तर)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।

21.01.19.
(तपेश्वर प्र0 साह)
महाप्रबंधक (वित्त)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।

21.1.19
(राकेश कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।

(रविशंकर चौधरी)
संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना

21/1/19
(उपेन्द्र नारायण)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

21/1/19
(अमित कुमार)
प्रबंध निदेशक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।